श्री

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि से फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तिथि तक का काशीखण्डोक्त मन्दिर, तीर्थ स्नान, दर्शन का माहात्म्य सहित वर्णन. चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथी से प्रारम्भ करते है।

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

स्वामी शिवानन्द सरस्वती जी महाराज (प्रयाग ...)

धर्म संघ, दुर्गा कुण्ड

वाराणसी

उत्तर प्रदेश (उ० प्र०)

29.X.92 — 29 X 92

काशी वार्षिक यात्रा कापी नं० 1

प्रयोजन

## २ काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र कृष्ण तृतीया तिथि के दिन प्रातः नित्य यात्रा करने के ~~पश्चात करने के पश्चात~~ "विश्वनाथ-अन्तर्गृही दर्शन यात्रा वार्षिक यात्रा" ~~विश्वनाथ अन्तर्गृही यात्रा~~ प्रयत्न पूर्वक अवकाश लेकर करना चाहिए। विश्वनाथ अन्तर्गृही यात्रा का प्रत्यक्ष फल इस प्रकार है। यात्रा करने वाले नर-नारियों के आलस्य, क्रोध, रोग, और विघ्न, दरिद्रता, ~~कष्ट~~ दूर हो जाते हैं।

~~(काशी खण्ड अध्याय-१००)~~

~~अन्तर्गृहस्य~~
प्रातः स्नानं विधायाऽऽदौ नत्वा पंच विनायकान ।६६।
नमस्कृत्वाऽथ विश्वेशं स्थित्वा निर्वाणमण्डपे।
अन्तर्गृहस्य यात्रांरौ करिष्येऽघौघशान्तये।।
।६६।

प्रथम प्रातःकाल में स्नान करे
तदनन्तर पञ्चविनायकों को नमस्कार करे
भगवान विश्वनाथ को नमस्कार करके
मुक्तिमण्डप में संकल्प करे कि मैं पापों की
शान्ति के लिए अन्तर्गृही यात्रा करूँगा।

# ३ काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

गृहीत्वा नियमं चेति गत्वाऽथ मणिकर्णिकाम्
॥९९॥
श्रध्दापूर्व मिमां यात्राः कर्तव्याक्षेत्रवासिभिः।
पर्वस्वपि विशेषेण कार्या यात्राश्च सर्वतः॥१००

(काशी खण्ड अध्याय १००)

अर्थ- काशी वासियों को श्रद्धा पूर्वक काशी की ~~सदा~~ यात्रा करनी चाहिये। वार्षिक पर्वों में ------- ~~प्रयत्न से~~ प्रयत्न करके काशी की परिक्रमा करनी चाहिए। विश्वनाथजी विष्णु भगवान से कहते हैं, हे विष्णु! काशी की परिक्रमा करने वाला और काशी में अन्न आदि दान करने वाला है दुःखी नहीं होता है। शास्त्रों में प्रमाण भी मिलता है कि—

इमां यात्रां नरः कृत्वा, क्षेत्रेऽस्मिन्मुक्तिजन्मनि
~~न दुःखैरभि भूयेत~~
न दुःखैरभि भूयेत, इहामुत्रापि कुत्रचित॥८२॥

(काशी खण्ड अध्याय १००)

अर्थ- मुक्ति जन्मस्थली काशी क्षेत्र में

# काशी की धार्मिक दर्शन यात्रा

काशी की यात्रा करने से मनुष्य इस लोक तथा परलोक में दुखों से पीड़ित नहीं होता है। काशी की प्रदक्षिणा करने वाले को किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं होता। वह त्रिविध तापों से मुक्त हो जाता है। ~~(काशी खण्ड अध्याय 100)~~

काशी में मन, वाणी, शरीर से जो कर्म हुए हैं, उन पापों की निवृति हेतु श्रद्धा-भक्ति से युक्त होकर काशी की यात्रा करनी चाहिए। काशी में मल-मूत्र त्याग करने का जो दोष है उस दोष की निवृति के लिये यात्रा करना अनिवार्य है। अतः यात्रा करनी चाहिये।

अपने माता-पिता एवं परपितामह, पति-पत्नि आदि के नाम से काशी की यात्रा करनी और कराना चाहिए। चुंकि पितर नरक में अथवा पशुयोनि में गये हुये पितरों को सुख शान्ती और मुक्ति दिलाने के लिये प्रयत्न पूर्वक उनके

② # काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

नूतन से काशी की यात्रा करने भेजना चाहिए
~~नूतन~~ स्वयं करें
~~और करना चाहिए।~~
~~तिथि~~
~~चतुर्थी के दिन~~

(नोट :- अपनी जीवन बनाने के लिए और पितरों का उद्धार करने के लिए इस

नश्वर परिवर्तन शील जगत में यह नश्वर

क्षण भंगुर मल-मुत्र से भरा हुआ नाशवान

शरीर से जन्म मृत्यु रुप चक्कर से छुटने

के लिये विश्वराष्ट्र से काशी में आकर

काशी बास करते है। काशी में क्षेत्र संन्यास

लेकर जीवन प्रयन्त काशी बास करते हैं।

क्षेत्र संन्यास लेकर काशीबास करने वाले

नर, नारियों के आगे पीछे शंकर जी के गण

क्षेत्र संन्यासी की अंगरक्षा करते हैं। काशी

क्षेत्र में संन्यास लेकर काशीबास करने वाले

(९)

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

नर, नारियों को आवास भोजन आदि की व्यवस्था अन्न पुर्णा जी करती हैं। इस लिये प्रयत्न पूर्वक ~~चालिसं वे~~ चालिस वर्ष के ~~उमर होने के~~ पश्चात श्रद्धा भक्ति से युक्त होकर विश्वास करके पति-पत्नि सहित अपने खानेकेलिये दीन दुःखीयों को देने के लिये और प्रति दिन दान करने के लिये शेष बचाकर ~~और~~ सब सम्पति पुत्र को सौंपकर काशी वास करने के लिये काशी में ~~जाना चाहिए~~ जाना चाहिए। ]

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

# काशी की धार्मिक बाजार

काशी क्षेत्रे विश्वेश्वरस्य शिवां प्रति प्रतिज्ञा द्वयम् ।

जीवतोऽन्नं ददासि त्वं मुक्तिं ददाम्यहम् ।।

भावार्थ - जब शंकरजी ने काशी की रचना कियी उसी समय भवानी अन्न पुर्णा जी से कहते हैं : हे शिवे अन्न पुर्णे तुम सभी काशी वासियों को भोजन, आवास, दो भक्ति और ज्ञान प्रदान करो। किसी भी काशी वासियों को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो। हे शिवे विशालाक्षी मैं मृत्यु के समय में सभी काशी वासियों को विश्वनाथ जी कहते हैं। कि मैं मुक्ति दे दुंगा। जब शंकर जी ने काशी की सृष्टी किया उसी समय शंकर जी ने सिर की एक जटा उखाड़कर जमीन में पटके तभी काल भैरव उसी जटा से प्रगट होकर हाथ जोड़कर सामने खड़ा हो गये, विश्वनाथ जी ने वरदान देकर

कारा

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

काल भैरव से कहा तुम काशी जाओ काशी वासियों की रक्षा करो और काशी में जो मनुष्य दुराचारी, भ्रष्टाचारी, चरित्र-हीन हो उनको काशी ~~से बाहर निकाले~~ दण्ड दो तथा सज्जन काशी वासियो की रक्षा करो काशी की सीमा की रक्षा करो, पापी ~~और दुराचारियों~~ को काशी के सीमा के अन्दर आने न पावे। इस प्रकार काल भैरव को प्रधान मंत्री बनाकर काशी भेजा। विश्वनाथ जी पार्वती भवानी जी सहित काशी आगये। काशी आने के पश्चात दण्ड पाणि जी को वरदान देकर कहे हे दण्ड पाणि तुम्हारे भ्रम विभ्रम दो गण सहयोगी होंगे। यह दो गण काशी में पाप करने वाला पापी, दुराचारी, भ्रष्टाचारी और काशी वास करने वाले को कष्ट देने वाला ~~तथा~~ व्यक्तियों को दण्ड दे देंगे।

# काशी की धार्मिक दर्शन यात्रा

काशी में क्षेत्र संन्यास लेकर काशी वास करने वाले मनुष्य धर्मशास्त्र में जीवन मुक्त माने जाते हैं।

अविमुक्तं समासाद्य नत्यजेन्मोक्ष कामुकः [कार॰

~~[काशी रहस्य]~~

अर्थः अविमुक्त काशी पुरी को प्राप्त करके काशी को कभी नहीं छोड़ना चाहिये। और काशी के प्रति दृढ़ विश्वास पुर्वक काशी में धर्माचरण और गङ्गा स्नान, (काशी की यात्रा) तथा प्रति दिन काशी के मंदिरों का दर्शन, शिव पूजन करने के पश्चात् प्रति दिन यथा शक्ति अन्न, पैसा, ऋतु फल मिष्ठान वस्त्र दान करते हुये। क्रोध, मोह, आसक्ति और लोभ एवं आलस्य को त्याग कर काशी में निवास करना चाहिये।

आदेश

उनको धन, ऐश्वर्य, सुख, शान्ती
देकर सुखी रखते है। वह

~~उपदेश~~

~~जो~~ काशी वास करने के लिए काशी में ~~आये~~ आये हुये हैं। उन स्त्री, पुरुषों को जो व्यक्ति आवास देता है दिलाता है। उन का हर सम्भव सहयोग करता है और कराते हैं। ऐसे मानव से विश्वनाथ, अन्नपूर्णा, काल भैरव प्रसन्न होकर काशी व्यक्ति सदा सुखी और मस्त रहता है चुंकि हमारे सनातन, वैदिक धर्म शास्त्रों में लिखा है कि काशी वासियों को सहयोग देने वाले भक्तों के प्रति दण्ड, पाणि, सुभ्रम विभ्रम एवं भैरव, अन्नपुर्णा और विश्वनाथ प्रसन्न होते हैं। इस लिये उस व्यक्ति को काशी में स्वर्ग का सुख प्राप्त कराते हैं। और अन्त में मोक्ष प्राप्त करते हैं तथा जन्म मृत्यु के चक्कर से छुट जाता है। धर्म शास्त्रों में कहा गया है कि निष्काम सेवा करने वाला मन, वाणि से सत का


# काशी की धार्मिक दर्शनयात्रा

कल्याण चाहनेवाला परोपकारी सदा सुखी है ~~और जीवन मुक्त माना जाता है~~ मोक्ष माना गया है। जो नर, नारी ~~के~~ प्रति दिन निष्काम सेवा और परोपकार करते हैं। प्रतिदिन यथा-शक्ति दान करते हैं और प्रतिदिन दूसरे को भोजन कराते हैं। प्रति दिन मन से परोपकार की भावना रखते हैं। तथा दीन दुःखी, दरिद्र ~~नारायण~~ के प्रति दया रखते हैं। वह मनुष्य धन्य है और उनका ही संसार में जन्म लेना सफल है। भूखे को भोजन, नङ्गे को वस्त्र और रोगी को दवा - प्यासे को जल देना संत का दान है प्रयत्न पूर्वक देना चाहिए। भगवान का दिया हुआ यह नश्वर शरीर भगवान का दिया हुआ मन भगवान की दी हुयी वाणी भगवान की दी हुई

# काशी की धार्मिक दर्शन यात्रा

स्त्री, पुत्र, परिवार और धन सब भगवान का है। तुमने क्या लेकर आया थे और क्या लेकर जायेगे? भगवान की वस्तु परोपकार में लगा दो और दान करो, सत्-कर्म करते हुए जीवन यापन करो। अन्न क्षेत्र खोलो, सड़कों में सोया हुआ नाली में पड़ा हुआ रोगी अथवा जहाँ भी रोगी मिले उनको अस्पताल में भर्ती करो और उनकी सेवा करो। जन्म जन्मान्तर तक आपके शरीर में रोग नहीं आवेगा। निरोग बनना चाहते हो तो परोपकार करो। और सत्पात्र को दान करो। जो व्यक्ति धनी, लखपती, करोड़पति राजा हो धन प्राप्त कर परोपकार में धन नहीं लगाता, और यथा शक्ति दान नहीं करता वह

तीर्थों में तथा जगह-जगह अन्न क्षेत्र नहीं खोलता है। वह व्यक्ति अगले जन्म में महारोगी, अपङ्ग, अंगहीन और विद्याहीन होकर दरिद्र कुल में उत्पन्न होता है। वैद्य-डाक्टर पौष्टिक पदार्थ खाना मना करते हैं। ऐसे अवस्था में घर वाले ध्यान नहीं देते हैं। रूपया पौष्टिक पदार्थ भोजन के लिये तरसते रहते हैं, हाँ मेरा जीवन व्यर्थ है हाय मैंने पूर्व जन्म में कितना पाप किया था मैंने क्या पाप किया हाय कष्ट हाय कष्ट कहते हुये, जीवन व्यतीत करते हैं। इस नश्वर जीवन में कौन किसका है अपने-अपने जन्म जन्मान्तर का पुण्य, शुभकर्म और अपना अच्छा व्यवहार सदा साथ में रहता है॥ (सब का भगवान कल्याण करें।



# काशी की धार्मिक यात्रा

## दान - माहात्म्य

कलौ विश्वेश्वरो देवः कलौ वाराणसी पुरी ।
कलौ भागीरथी गंगा दानं कलियुगे महत् ॥
( काशी खंड . . . . )

अर्थ → कलियुग में देवता विश्वनाथ जी हैं, कलियुग में मुक्तिपुरी वाराणसी है, कलियुग में गङ्गा जी भागीरथी जी हैं, और कलियुग में दान देना ही महान यज्ञ है।

दत्वा दानानि भूरीणि मरवानिवहानि भूरिशः ।
वाराणसी जाह्नवीभ्यां संगमे लोक विश्रुते ॥
दत्वान्नदानं विधानेन न स भूयोऽभिजायते ॥
( लिङ्ग पुराण . . . . )

अर्थ → जिस मनुष्य ने काशी में अनेकों प्रकार के दान दिया है, मानो उसने अनेकों यज्ञ सम्पादित किया है। संसार में प्रसिद्ध काशी की गंगा और असी (वाराणसी के) नदी के संगम पर विधि पूर्वक अन्न आदि दान करने वाला व्यक्ति का पुनर्जन्म नहीं होता है।

दानान्यपि स्वस्व वित्तानुसारेण कुर्वानिधै ।
दूर्वापत्रं पुष्पजातं शिवेऽर्पितं ममोघकृत ॥
( काशी रहस्य . . . )

अर्थ → मनुष्य अपनी-अपनी शक्ति के अनुसार प्रतिदिन दान करें। दूर्वापत्र, फूल आदि वस्तु भी शिवार्पित करने से अमोघ अनन्त फल होकर प्राप्त होता है। और अन्न-वस्त्र, दूध, धन आदि भी उसी प्रकार से अनन्त गुणा होकर प्राप्त होता है।

अन्न, वस्त्र, धन, दूध और अक्षय आदि

जिनको उप
देश मिला मैं

# काशी की कार्तिक दर्शन यात्रा

काशी क्षेत्रे निवासश्च जाह्नवी
चरणोदकं ।
गुरुः विश्वेश्वरः साक्षात् तारकं ब्रह्म
निश्चयः ॥
[ मत्स्य पुराण ]

अर्थ- काशी मोक्ष क्षेत्र में काशी वास करना, गङ्गा जल (चरणोदक) पीना और साक्षात विश्वनाथ भगवान का दर्शन करना ही कल्याण कारी है। विश्वनाथ गुरु भी अन्त समय मे तारक मन्त्र का उपदेश निश्चय ही देते है। तारका मन्त्र उन प्राणियों को पुनर्जन्म नही होता है।

काश्यां विश्वेश्वरो देव: संसार भयनाशनम्।
अनेक जन्म कृतं पापं दर्शनेन विनश्यति ॥
३

अर्थ — ऋषि अगस्त्य जी ~~कहते हैं~~ से स्कन्द जी कहते हैं कि काशी में विश्वेश्वर देवता हैं, जो जन्म-मरण संसार के भय के नाशक हैं। जिनके दर्शन करने से अनेक जन्मों के पापों का नाश हो जाता है।

सत्यं सत्यं पुन: सत्यं सत्यं सत्यं पुन: पुन:।
द्रष्टव्यो विश्वेश्वरो नित्यं स्नातव्या मणिकर्णिका ॥
(काशीखण्ड, अ०-१००, श्लो०-१०५)

अर्थ → वेदव्यास जी सूत जी से कहते हैं कि मणिकर्णिका घाट गंगा जी में स्नान करके ~~बारबार~~ श्रद्धापूर्वक भगवान विश्वनाथ जी का दर्शन-पूजन करना चाहिए। बार-बार त्रिसत्य यही है।

~~येषां स्मरणो मात्र~~
येषां स्मरणतोऽप्यत्र भवेत् पापस्य संक्षय:।
दर्शन स्पर्शनाभ्याञ्च स्यातांस्वर्गापवर्गकौ ॥
(काशी खण्ड, अ०-६३, श्लो०-१४)

अर्थ → स्कन्द जी पार्वती जी से कहते हैं कि काशी के विश्वेश्वर लिङ्गों के स्मरण से पाप का नाश होता है, तथा दर्शन एवं स्पर्शन से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र कृष्ण चतुर्थी तिथि के दिन प्रातः संध्या आदि नित्य कर्म से निवृत होकर विश्वनाथ नित्य यात्रा करने के पश्चात ढुण्ढिराज जी के दर्शन, पूजन करके यात्रा जाने के लिए यात्री घर में जाकर पञ्चक्रोशी यात्रा में ले जाने के लिए सामग्री एकत्रित करके रखवें।

चैत्र कृष्ण पंचमी तिथि के दिन हरी हरानन्द सरस्वती (करपात्री जी महाराज) की वार्षिक पञ्च क्रोशी दर्शन यात्रा—

नोट

(मेरे गुरुजी की पञ्च क्रोशी यात्रा का विशेष महत्व, यह है कि मधु मास बसन्त ऋतु आयुर्वेद में पुराणों में धर्म शास्त्रों में कहा गया है कि बसन्त ऋतु में जल वायु बदलने वाला मानव एक वर्ष तक निरोग रहता है। स्कन्द पुराण में वेदव्यास जी लिखते है, बसन्त ऋतु में

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

तीर्थ, सन्त महात्मा और मन्दिरों का दर्शन यात्रा करनी चाहिए।

ब्रह्म निष्ठ ब्रह्म ज्ञानी सभी शास्त्रों के ज्ञाता और शास्त्रार्थ दिग्विजय १८ वर्षों की अवस्था से ही शास्त्रार्थ करना प्रारम्भ किया पूर्व में बंगाल पश्चिम में पाकिस्तान ~~पश्चिम~~ दक्षिण में कन्या कुमारी उत्तर में नेपाल तक जाकर शास्त्रार्थ किये कहीं भी परास्त नहीं हुए। चुँकि भगवती सरस्वती के उपासक थे। रात्री को ~~दस~~ ११ बजे ~~कस्क~~ २ गिलास ~~ग्लास~~ गौ का दूध पीकर सोते थे, रात्री के ~~एक~~ बजे ध्यान लगाते थे, तीन बजे

सडकमें बहुत तेज चलते थे
भ्रमण घुमने जाते थे। चार बजे घुमकर आते थे, पुनः स्नान करके आसन ध्यान करते थे। ध्यान के पश्चात। शिरसासन में पैर को ऊपर करके खड़े होकर दुर्गा सप्त सती का पुरा पाठ करते थे, पाठ करके शीर्षासन के पश्चात। पुजा करने बैठते थे। दोनों तरफ दीपक जलता था मेंज पर पुजा की सामग्री रखी जाती थी। शालिक राम और नर्मदेश्वर को स्नानकराकर पुजा करते थे। पुजा करने के पश्चात। रुद्री वेद के मंत्रो से अभिषेक करते थे। अभिषेक कर पुनः उत्तर पुजा करते थे। उत्तर पुजा के पश्चात शंख बजाते थे। उस धूनी से शंख बजाते जैसा कभी सुनने में नहीं आता। शंख के पश्चात सबको प्रसाद बाटते थे। जो विद्वान पढने

ॐ

आते थे। उनको पढाते थे व्याकरण वेदान्त, न्याय, मीमांसा और जो कोई भी शास्त्र लेकर आता था उनको पढा-ते थे और विशेष महत्त्वपूर्ण बात यह है कि वह जो भी शास्त्र पढाते थे विधार्थियों को कण्ठस्थ होता था। यह बात किसी भी विद्वानों में नहीं पाया जाता ११ बजे तक पढाते थे ॥१

तथा पुनः स्नान करके मध्याह्न पुजा ~~करने~~ करने बैठते थे। पुजा के पश्चात शंख बजाते थे, शंख के आवाज सुनकर प्रसाद लेने के लिये सब आते थे। प्रसाद मिठाई फल स्वयं अपने हाथ से सब को देते थे। प्रसाद लेने राजा, महाराजा, करोडपती और रंक, दरिद्र ~~नारायण तक~~ सबको देते

(४)

थे। प्रसाद वितरण करके मिलने के
लिये आये हुये। ~~भगवान के भक्तों से~~
व्यक्तियों से
से मिलते थे। सब से बात करते थे। मध्याह्न
पुजा तक किसी से बात नहीं करते थे।
दुध फल का जलपान करते थे। एक घंटा
विश्राम करने के पश्चात। भक्ति सुधा
रामायण, मीमांसा एवं वेदार्थ पारी
जात आदि सद्ग्रन्थ लिखते थे।
स्वामी जी 20 भाषा के विद्वान थे
सायं पाँच बजे हरी ~~स~~ सब्जी ~~का~~
रोटी
~~फुल्का~~ दलिया आदि हल्का भिक्षा
चौबीस घंटे में एक बार सायं
करते थे। पाँच बजे ~~से सात बजे तक~~
भिक्षा करते थे भिक्षा के पश्चात
सत्शास्त्रों का उपदेश करते थे कथा
के पश्चात नौ बजे तक सब से मिलते
थे। पुनः स्नान करके सायं पुजा करने

पञ्चकोसी यात्रा

बैठते थे । पूजा के पश्चात ~~भोग लगाकर~~ प्रसाद वितरण करते थे । एक गिलाश गाय का दुध पीते थे, नौ बजेके पश्चात किसी को भी मिलने की आज्ञा नहीं थी विशेष महत्व पुर्ण बात तो यह है कि ध्यान में बैठते ही प्राण को ब्रह्मरन्ध्र में चढाते थे। किसी भी समय प्राण को ब्रह्मरन्ध्र से उतार कर समाधी से उठते थे। यह महायोग की परम परा लुप्तसी होते जा रही है। ~~र~~ योग और वेदान्त के द्वारा विश्वराष्ट्र में भारत महान ~~है~~ कहा गया है।

~~स्वामी~~ योग दर्शन, वेदान्त दर्शन का शिक्षा विश्वमें कही भी नहीं है इस लिये भारत विश्वका गुरु है।

स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती —
(करपात्रीजी)
और सिद्ध महापुरुष पंचक्रोशी
~~महाराज~~ — स्वयं काशी की यात्रा कर रहे हैं। और लाखों भक्तों को प्रेरणा करके काशी की यात्रा करा रहे हैं। काशी की यात्रा का माहात्म्य, यात्रा करने के नियम आदि का उपदेश करते हुए। स्वामी जी के बायें और दाहिने तरफ चारों वेदों के प्रकाण्ड विद्वान वेदों की स्तुति करते हुए। धीरे-धीरे पंच क्रोशी की सड़क पर चलते हैं। बरगद, पीपल के पेड़ को और गौओं को दाहिने करके चलते हैं। अन्य यात्री काशी विश्वनाथ की जय घोष करते हुये ~~और~~ हर-हर महादेव की ध्वनि लगाते हुये कीर्तन करते हुये चलते हैं।

प्रत्येक पड़ाव में [illegible] (विश्रामस्थल में)
अन्न क्षेत्र चलता था। मध्याह्न पूजा
के पश्चात्। साधु-सन्तों संन्यासियों और
महात्माओं को स्वामी हरिहरानन्द जी
सरस्वती महाराज स्वयं खड़े होकर भोजन
कराते थे। वस्त्र देते थे। दीन दुःखी
दरिद्रनारायणों को भोजन वस्त्र दिलाते थे।
जिस धर्मशाला में स्वामीजी निवास करते थे
उसी धर्मशाला में तीन बजे के पश्चात् विद्वान
प्रवचन करते थे, अन्त में स्वामी जी की
कथा होती थी। हजारों नर-नारियाँ गाँव
और शहर से दर्शन करने तथा कथाश्रवण
करने के लिए आते थे। प्रायः कथा का
विषय पंच क्रोशी यात्रा, क्रोशी महात्म्य एवं
पंच नियम एवं काशी वास का नियम

काशी में क्षेत्र संन्यास लेकर काशीवास और फल का वर्णन करते थे। कथा में कहा करते थे कि प्रत्येक मनुष्य को अंत समय में काशी वास करने का संकल्प लेना चाहिये। काशी में क्षेत्र संन्यास लेकर काशी वास करनेवाला व्यक्ति जीवन मुक्त है कहते थे और अन्त में स्वामीजीने स्वयं काशी क्षेत्र संन्यास लेकर काशी वास किये। काशी खण्ड और काशी महात्म्य छपवाने तथा काशी खण्डोक्त मंदिरों का जीर्णोद्धार कराने एवं करने के विषय में भी ध्यान आकर्षित करते थे। मंदिरों का जीर्णोद्धार करनेवाले और करानेवाले नर-नारी जहाँ कहीं भी रहें उनकी मुक्ती अवश्य है। जो व्यक्ति सन्त महात्माओं को और धनी को प्रेरणा करके मंदिरों का जीर्णोद्धार कराता है। वह

व्यक्ति इस जन्म में सम्मान, प्रतिष्ठा ऐश्वर्य प्राप्त करता है। अंत में मोक्ष का भोगी बनता है। मंदिर, जलाशय और धर्मशाला निर्माण जीर्णोद्धार करने वाले मनुष्यों को इस लोक में सम्मान, सुख और धन प्राप्त ~~करता है~~। होता है ~~और~~ मुक्ति प्राप्त करता है। स्वामीजी प्रवचन में कहा करते थे। काशी मे पाँच प्रकार के पाप होते हैं उसकी निवृति के लिए काशी की पंचक्रोशी आदि यात्रा करना अनिवार्य है कहते थे।

# काशी की धार्मिक दर्शन यात्रा

जब से स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती जी महाराज पञ्चक्रोशी यात्रा करने लगे उसी दिन से काशी ब्रह्मनाल के निवासी बटुक प्रशाद शास्त्री जी पञ्चक्रोशी यात्रा में अन्नक्षेत्र आदि सब बेवस्था करते है। काशी के बाहर से आये हुए साधु महात्मा, सँन्यासी एवं गृहस्त बान प्रस्थ, ब्रह्मचारि सब को प्रेरणा करके यात्रा कराते है, सब का सुन्दर बेवस्था करते है। बटुक शास्त्री जी को विश्वनाथ अन्न पूर्णा जी के असीम कृपा है अपने परिवार सहित पैदल यात्रा स्वयं करते है।

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

करपात्री जी महाराज ब्रह्मलिन होने के पश्चात जगन्नाथ पुरी पिठाधीश्वर निरन्जन देव तीर्थ जगतगुरु शंकराचार्य जीने अपने सिस्यों के साथ काशी की पञ्च कोशी यात्रा किये। निरन्जन देव शंकराचार्य महाराज जीने काशी में क्षेत्र संन्यास लेकर काशी वास करने के पश्चात उत्तराधीकारी जगन्नाथ पुरी पिठाधिश्वर जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानन्द सरस्वती जी के महाराज जीने भी अपने भक्तों के साथ काशी की पञ्च कोशी यात्रा किये।

मलमास (अधिक मास) में १. काशी पञ्चक्रोशी दर्शन यात्रा

अधिक मास (मलमास) पुरुसोत्तम महिना के नाम से प्रसिद्ध है। अधिक मास में प्रतिदिन लगभग पच्चीस हजार यात्री आज भी पञ्चक्रोशी यात्रा करने के लिए नर-नारी दर्शन पूजन कीर्तन करते हुये जाते हैं। मणिकर्णिका घाट से दक्षिण अस्सी घाट से कर्दमेश्वर भीमचण्डी रामेश्वर एवं शिवपुर कपिल धारा आदि होते हुए मणिकर्णिका घाट तक पञ्चक्रोशी मार्ग के सड़क से पंतिबद्ध होकर यात्री चलते हैं।

हवाई जहाज से यात्रियों का दर्शन अच्छी प्रकार से होता है। पञ्चक्रोशी यात्रा करने के लिए भारत के सभी प्रान्तों से काशी में आकर यात्रा करते हैं। विदेशों से काशी की पञ्चक्रोशी यात्रा करने आते हैं। नेपाल से भोटान से पूर्व बंगाल से एवं लङ्का एवं मारिशस से और विश्व राष्ट्र में रहनेवाले भारतीय काशी में आकर काशी की दर्शन यात्रा करते हैं। यह काशी की महिमा है।

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र कृष्ण ~~पक्ष~~ षष्ठि तिथि के दिन प्रातः अत्रिश्वर दर्शन वार्षिक यात्रा करें। अत्रिश्वराय नमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर मुहल्ला दत्तात्रेश्वर मठ नारद घाट]

चैत्र कृष्ण ~~पक्ष~~ सप्तमी तिथी के दिन शीतला देवी की वार्षिक दर्शन यात्रा ~~करें~~ करें। शीतला देव्यै नमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर डी॰ १८/१९ में मुहल्ला प्रयाग राज घाट]

चैत्र कृष्ण. अष्टमी तिथि के दिन सिद्धेश्वरी वार्षिक दर्शन यात्रा करें। सिद्धेश्वरी देव्यै नमः [सी॰ के॰ ७/१२४ में मुहल्ला ~~सिद्ध~~ सिद्धेश्वरी]

चैत्र कृष्ण अष्टमी तिथी के दिन बन्दी देवी दर्शन वार्षिक यात्रा करें। बन्दि देव्यै नमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर डी॰ १७/१०० में मुहल्ला प्रयाग राज घाट] बन्दी देवी जी की दर्शन पूजन करने वाले भक्तों के जेल में जो

# काशी की धार्मिक दर्शन यात्रा

कैदी बन्द है वह कैदी जेल से छूट जाते हैं

तपस्यपि मघे ऋक्षे भगदेवेऽथ फाल्गुने।
चित्राऋक्षे चैत्रमासि विशाखर्क्षे च माधवे॥
( - - - - - - - - - - )

अर्थ :- फाल्गुन मास में मघा नक्षत्र, भगवान विश्वनाथ जी का पूजन फाल्गुन में, चित्रा नक्षत्र में, चैत्र मास के विशाख नक्षत्र में, और वैशाख मास में विशाखा नक्षत्र में भगवान शिव का पूजन और उपासना करना चाहिये।

श्रद्धा भक्ति से युक्त होकर व्रत रहकर शंकर जी का पूजा करने वाले नर नारियों को ऐश्वर्य की प्राप्ती होती है। ज्ञानवापी ईशान तीर्थाय नमः

एकादश्यामुपोष्यात्र प्राश्नाति चुलुकत्रयम्
हृदयेतस्य जायन्ते त्रीणि लिङ्गान्यसंशयम्

ईशान तीर्थे यः स्नात्वा विशेषात्सोम [illegible]
[ काशी रव० अ० [illegible] ।

अर्थ- यहाँ पर एकादशी तिथि को उपवास करे और तीन चुल्लू पानी पीता है उसके हृदय में निश्चित ही तीनों लिङ्गों का निवास होता है।
जो विशेष कर सोमवार को ईशान कोण में स्नान करके

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र कृष्ण ~~प्रेका दशी~~ एकादशी तिथी के दिन

विरमाधव दर्शन यात्रा विरमाधवाय

नमः मीर घाट [त्रिवर्ग॥४]

चैत्र कृष्ण त्रियोदशी प्रदोष के दिन

(महाप्रभु) "महावारूणी महापर्व"

"वारुणेन समा युक्ता मधोः कृष्णात्रयोदशी।

गङ्गायां यदि लभेत सूर्यग्रहशतैः समा॥

[स्कन्द पुराणे अ. ]

अर्थ चैत्र कृष्ण त्रियोदशी तिथि के दिन वारुणी और महाबारुणी महा पर्व है,

स्कन्दपुराण में कहा है- वारुणी शतभिषा नक्षत्र से युक्त हो चैत्र मास के

कृष्ण पक्ष की त्रियोदशी तिथि के दिन यदि

गङ्गाजी का दर्शन, स्नान प्राप्त होजाँय

तो सौ सूर्यग्रहण में स्नान करने के समान


फल प्राप्त होता है। अस्तु, यदि उत्तर वाहिनी

गङ्गा उसमे भी काशी प्राप्त होजाय तो

~~अनेक लक्ष~~ सहस्त्र गङ्गा आदि [illegible] फल प्राप्त होता है।

चैत्र कृष्ण त्रियोदशी तिथि के दिन प्रातः [illegible] बाराणसी प्रदक्षिणा ~~(बड़ी अन्तर्गृही)~~ दर्शन यात्रा

इस दिन वाराणसी यात्रा करने
बावन पुराण [illegible] वेवत है पुराणों में लिखा
वाले मनुष्यों को शरीर निरोगी होता है।



# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

॥ महावारुणी प्रत्व ॥

वारुणी पर्व योगः — वारुणेन समा युक्ता माघी कृष्णा त्रयोदशी गङ्गायां यदि लभ्येत कोटि सूर्य ग्रहैः समा ॥१॥ शनिवार समायुक्ता सा महावारुणी स्मृता । शुभयोग समा युक्ता शनौ शताभिषा यदि । महा महेति विख्याता त्रिकोटि कुलमुद्धरेत् । अत्र गङ्गा स्नानस्यैव फलातिशयः । चैत्र कृष्ण चतुर्दश्यां स्नानं कृत्वा शिव सान्निध्ये न प्रेतत्वमवाप्नोति । गङ्गायां तु विशेषतः इति ।

अर्थ — यदि माघ कृष्ण की त्रयोदशी वारुण योग से युक्त हो और उस दिन कहीं गंगा की प्राप्ति हो जाय तो करोड़ों सूर्य ग्रहण के समान फल की प्राप्ति होती है।

यदि उक्त त्रयोदशी को शनिवार का दिन हो तो वह महावारुणी कही जाती है। शतभिष नक्षत्र से पूर्ण शनिवार हो तो वही महावारुणी महा महावारुणी कही जाती है

अतः गंगा स्नान का फलातिशय है चैत्र कृष्ण चतुर्दशी को यदि शिव के समीप गंगा स्नान करे तो उसे विशेष कर गंगा में प्रेतत्व की प्राप्ति नहीं होती।

महावारुणी पर्व : काशी की वार्षिक यात्रा

"शनिवार समायुक्ता सा महावारुणी स्मृता।

गङ्गायां यदि लभेत कोटि सूर्य ग्रहे: समो॥

अर्थ- महावारुणी शनिवार से युक्त हो तो महावारुणी होती है, चैत्र कृष्ण त्रियोदशी के दिन गङ्गा जी में स्नान प्राप्त हो जावे तो करो-

डों सूर्य ग्रहण में स्नान करने के समान फल प्राप्त होता है।

"शुभयोग समायुक्ता शनौ शत भिषा यदि।

महामहेति विख्याता त्रिकोटि कुल मुद्धरेत्॥

अर्थ- यदि शनिवार शतभिषा नक्षत्र तथा शुभ योग से युक्त हो तो उस दिन वारुणी को महामहा वारुणी कहते है, और महा महा वारुणी के नाम से प्रसिद्ध होती है। इस महा-महावारुणी पर्व में गङ्गा आदि नदियों में स्नान, संध्या, देव ऋषि, पितरो को तर्पण, अन्न आदि दान करने से तीन करोड़ का कुल का उद्धार महावारुणी करती है।

काशी की ~~सा~~धार्मिक दर्शन यात्रा।

~~माधव मासे~~ महावारुणी महा पर्व

मधौ कृष्ण त्रयोदश्यां शनौ शताभिषायुता।
वारुणीति समाख्याता शुभेतु महती स्मृता॥

[ब्रह्म पुराणे (कल्पतरु) में भी इसी प्रकार वर्णन किया है]

अर्थ - शनिवार तथा शताभिषा नक्षत्र से युक्त चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की त्रयो-

दशी तिथि हो तो उसे वारुणी नाम से कहा जाता है, वही शुभ योग से युक्त

होने पर महा वारुणी हो जाती है।

चैत्र कृष्ण त्रियोदशी तिथि के दिन वारुणी या महा महावारुणी पर्व ~~के~~

के दिन काशी के महातीर्थ

अस्सी घाट, केदार घाट, दशाश्वमेध घाट, मीरविश्वनाथ घाट, मणिकर्णि

का घाट, पञ्च गङ्गा घाट, त्रिलोचन घाट वरुणा संगम आदि केशव घाट आदि

महावारुणी के दिन काशी से बाहर गङ्गा जी में स्नान करने से जो फल मिलता है उस से दश हजार गुणा अधिक काशी के गङ्गा जी में स्नान करने वाले को फल प्राप्त होता है।

३

# काशी की धार्मिक दर्शन यात्रा

साधु संन्यासी ~~ब्राह्मण~~ ब्राह्मण ~~...~~ को यथा शक्ती भोजन करानेसे धन ~~...~~ वान लक्ष्मीवान होता है। और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ~~...~~ तिथि के दिनसे गौरी नव रात्रि प्रारम्भ। इस नव रात्रमें भी दुर्गा सप्तशती, देवी भागवत, रामायण और गीता, श्रीमद् भागवत आदि का पाठ ~~है~~ उपनिषद आदि के पाठ होते है। बडे बडे महा यज्ञ होते है।

काश्यां संन्यावच्या साचतच्चणु ब्ववदा।

नवरात्रं प्रयत्नेन व्रतमहं सासमाचीर्तता। मिते।
नाशयिष्याति विघ्नौघान्सुमति च प्रदा स्याति ।। ८३ ।।

[काशी खण्ड अध्याय ७२] ~~में~~

अर्थ - जिस प्रकार काशी संस्था है उसे सुनो मैं तुमको कहता हूँ। नवरात्र मैं प्रयत्न पूर्वक प्रति दिन उनकी पूजा करनी चाहिए, ऐसे करने से समस्त कार्य सिद्धियों का विनाश होगी और सुमति प्रदान होगी।

॥

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र शुक्ल प्रति पदा तिथी के दिन

शैल पुत्री वार्षिक दर्शन यात्रा करें।

शैल पुत्री देव्यै नमः [मन्दिर नम्बर

मुहल्ला —— शैल पुत्री]

शैल पुत्री दर्शनार्थियों का

ताता लगा रहता है, और मेला लगता है

लाखो यात्री दर्शन करते है। तिथि

चैत्र शुक्ल प्रति पदा के दिन

मुख निर्मालिका गौरी वार्षिक दर्शन

यात्रा होती है। वर्तमान काल

में दर्शनार्थी नव गौरी, नवदुर्गा

की प्रति दिन प्रति पदा से नवमी

तिथी तक दो २ देवी के दर्शन करते है।

चैत्र शुक्ल प्रति पदा तिथी से नवमी

तिथि तक वार्षिक दर्शन यात्रायें दुर्गा देव्यै नमः

[मन्दिर नम्बर बी० २७/२ में मुहल्ला दुर्गाकुण्ड]

चैत्र शुक्ल तृतीया तिथी के दिन प्रातः

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्रशुक्लतृतीयायां पार्वतीशसमर्चनात् ॥ ४२ ॥
इह सौभाग्यमाप्नोति परत्र च शुभां गतिम् ।
पार्वतीश्वरमाराध्य योषिद्वा पुरुषोऽपि वा ॥ ४३ ॥
न गर्भमाविशेद् भूयो भवेत्सौभाग्यभाजनम् ॥ ४४ ॥
(काशी खण्ड अ० ७०)

अर्थ:- चैत्र शुक्ल तृतीया के दिन पार्वतीश्वर का पूजन करने पर इस लोक में सौभाग्य को प्राप्त करता है, तथा परलोक में शुभ गति को प्राप्त करता है। स्त्री अथवा पुरुष जो कोई भी पार्वतीश्वर महादेव की आराधना करता है, उसको फिर गर्भ में नहीं आना पड़ता है। तथा वर्तमान काल में सौभाग्य का पात्र हो जाता है।

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया तिथी के दिन विशालाक्षी गौरी वार्षिक दर्शन यात्रा करें।
विशालाक्षी गौरी देव्यै नमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर डी० ३/८८ में मु० धर्मकूप मीरघाट ~~विश्वनाथ~~]
चैत्र शुक्ल तृतीया तिथी के दिन विश्वभुजा गौरी वार्षिक दर्शन यात्रा
विश्वभुजा गौरी देव्यै नमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर डी० २/१३ में मु० धर्मकूप मीरघाट

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि के दिन भवानी गौरी वार्षिक दर्शन यात्रा करें।

भवानी गौरी देव्यै नमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर डी॰ ८/२८ में मु॰ अन्नपूर्णगली]

चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि के दिन छप्पन विनायक वार्षिक दर्शन यात्रा करें।

चैत्र शुक्ल सप्तमी तिथि के दिन नव-गौरी नव दुर्गा वार्षिक दर्शन यात्रा करें। इस यात्रा में पहले पाँच सौ लग-भग यात्री हमारे साथ यात्रा करते थे। आज भी ~~दो सौ यात्री यात्रा करते है~~।

चैत्र शुक्ल अष्टमी तिथि के दिन ~~भी दो सौ~~ भवानी-अन्न पूर्णा वार्षिक दर्शन परिक्रमा ~~परीक्रमा~~ यात्रा करें [काली खण्ड में अन्न पूर्णा जी को भवानी के नाम से छोड़े ~~यह स्कन्द पुराण का ...~~]

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र शुक्ल अष्टमी तिथि के दिन सुभद्रा देवी वार्षिक दर्शन, पूजन, यात्रा करें। सिद्धेश्वरी के सामने है। सुभद्रा देव्यै नमः [मन्दिर मकान नम्बर सी०के० ७/१२४ में मु० सिद्धेश्वरी]

चैत्र शुक्ल रामनवमी तिथि के दिन प्रातः रामतीर्थ रामघाट में स्नान करके वीर रामेश्वर का वार्षिक दर्शन-यात्रा करें।

ततस्तु रामतीर्थञ्च वीररामेश्वराग्रतः।
तत्तीर्थस्नानमात्रेण वैष्णवं लोकमाप्नुयात्॥७०॥
[काशी खण्ड अध्याय ८४]

**अर्थ**, उसके बाद स्वयं वीर रामेश्वर के आगे रामतीर्थ है, उस तीर्थ में स्नान मात्र से व्यक्ति वैष्णव लोक को प्राप्त करता है।

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चैत्र शुक्ल रामनवमी तिथि के दिन

वीर रामेश्वर वार्षिक दर्शन, पूजन

यात्रा। ॐ १ वीररामेश्वरायनमः [मन्दिर नम्बर सी०के० मुहल्ला राम घाट]

2 रघुनाथेश्वरायनमः [मानमन्दिर घाट]

3 अयोध्यारामेश्वरायनमः [मन्दिर नम्बर मुहल्ला हनुमान घाट]

4 वसिष्ठ रामेश्वरायनमः [मकान नम्बर मुहल्ला रामकुण्ड कुलेकरा रोड]

चैत्र शुक्ल एकादशी तिथि के दिन

बिन्दु तीर्थ में पञ्चगङ्गा घाट में स्नान कर विन्दु

माधव के वार्षिक दर्शन यात्रा करें।

विन्दु माधवाय नमः [मन्दिर नम्बर

के० 22/33 में मुहल्ला पञ्चगङ्गा]

चैत्र शुक्ल त्रियोदशी तिथि के दिन शनि प्रदोश-

जब शनिवार पड़ता हो उस दिन कामेश्वर के

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

प्रयत्न पूर्वक वार्षिक दर्शन-पूजन यात्रा करनी चाहिए। चूँकि स्त्री-पुरुष के स्पर्श स्पर्शा काम जनित पाप नष्ट होते है। कामेश्वराय नमः [मन्दिर नम्बर ए. 3 4/11 में मुहल्ला मच्छोदरी पार्क के पूर्व बगल कामेश्वर गली में ]

चैत्र शुक्लत्रयोदश्यां तत्र यात्रा च कामद ।। (काशीखण्ड अ.

अर्थ –

चैत्र शुक्ल चतुर्दशी तिथि के दिन पशुपति तीर्थ मणि कर्णिका घाट में स्नान करके पशुपतिश्वर दर्शन, पूजन वार्षिक यात्रा करें।

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

चन्द्रेश्वराय नमः [~~मकान~~ मन्दिर, नम्बर सी. के. ७/१२४ में मुहल्ला सिद्धेश्वरी]

अत्र यात्रा महाचैत्र्यां कार्या क्षेत्रनिवासिभिः ।
तारकज्ञानलाभाय क्षेत्रविघ्ननिवर्तिनी ॥६१॥

चन्द्रेश्वरं समभ्यर्च्य यद्यन्यत्रापि संस्थितः ।
अमोघपदवीं भित्त्वा सोमलोकमवाप्स्यति ॥६२॥
अघौघ
सिद्धयोगीश्वरं पीठमेतत्साधकसिद्धिदम् ।

[काशी खण्ड अध्याय ॥१४॥]

**अर्थ-** क्षेत्रवासियों का परम कर्तव्य है कि यहाँ की महाचैत्र में यात्रा करें, यह यात्रा तारक मंत्र के लाभ के लिए तथा क्षेत्र के विघ्नों के नाश के लिए होती है।

चन्द्रेश्वर की पूजा करके यदि अन्यत्र भी निवास करे तो वह पाप समूहों को भेदन कर सोमलोक को प्राप्त करेगा। यह सिद्ध योगीश्वर पीठ साधकों को सिद्धिप्रद है।

## " बैसाख मास प्रारम्भ "

बैसाख ~~बर~~ पवित्र महीना पापों को नाश करनेवाला पुण्य को वृद्ध करने वाला है नियम पूर्वक गङ्गा स्नान व पद्मोव्रत फलाहार आदि अनुष्ठान गायत्री जप एवं पञ्चाक्षरी महामन्त्र का अनुष्ठान आदि आदि करें।

# काशी की धार्मिक दर्शन यात्रा

वैसाख कृष्ण प्रति पदा तिथि के दिन प्रातः

एकतीर्थी यात्रा स्नान, दर्शन वार्षिक यात्रा करें। मणिकर्णिका घाट में स्नान कर विश्वनाथ जी का दर्शन करें। विश्वनाथ मन्दिर

[मं० नम्बर सी.के. ३५/१९ में है।

मुहल्ला अन्न पूर्णा गली]

यात्रा द्वयं प्रयत्नेन कर्तव्यं प्रतिवासरम्
आदौ स्वर्गतरङ्गिण्यास्ततो विश्वेशितुर्ध्रुवम्
[काशीखण्ड अध्याय १०० श्लोक १-२

काश्यां तीर्थान्यनेकानि काश्यां लिङ्गान्यनेकशः।
तथापि सेव्यो विश्वेशः स्नातव्या मणिकर्णिका ॥५॥ १०४

सर्वतीर्थेषु सस्नौ स सर्वयात्रां च धात्स च। २
मणिकर्ण्यां तु यः स्नातो यो विश्वेशं निरैक्षत। [काशीखण्ड अ०

अर्थ — प्रतिदिन प्रयास पूर्वक दो यात्रा करनी चाहिए प्रथम गंगा की उसके बाद विश्वेश्वर की।

काशी में अनेक तीर्थ हैं तथा अनेक लिङ्ग हैं तो भी विश्वेश्वर की पूजा करो और मणिकर्णिका में स्नान करो।

भले ही सभी तीर्थों में स्नान करो और सभी की यात्रा करे किन्तु जो मणिकर्णिका में स्नान करता है तथा विश्वेश्वर का दर्शन करता है (वह अतिशय पुण्य का भागी होता है)

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यं सत्यं पुनः पुनः।
द्रष्टव्यो विश्वेश्वरो नित्यं स्नातव्या मणिकर्णिका ॥५॥
[काशीखण्ड अध्याय १००]

सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यं पूर्वमिदं वचः।
मणिकर्णी समं तीर्थं नास्ति ब्रह्माण्डगोलके ॥११३॥
[काशीखण्ड अध्याय ८४]

"प्रातः पञ्चनदे स्नात्वा मध्याह्ने मणिकर्णिकाम्।]
[काशीखण्ड अ० ८४]

यह बार-२ ध्रुव सत्य है कि विश्वनाथ का दर्शन करें और मणिकर्णिका में स्नान करें।

यह बार-बार ध्रुव सत्य है कि मणिकर्णिका के समान इस ब्रह्माण्ड में कोई तीर्थ नहीं है।

~~प्रात~~ प्रातः काल पञ्चगंगा में स्नान करें और मध्याह्न में मणिकर्णिका में स्नान करें।

तथा पूजा पाठ प्रति दिन ~~दान~~ यथाशक्ति दान करते हुए हर निशाशन - शिवमन्त्र जपते है।
वैसाख कृष्ण प्रतिपदा तिथि के
दिन एक तिर्थी स्नान दर्शन वार्षिक
यात्रा करें वैसाख कृष्ण ~~पक्ष~~ द्वितीया
तिथि के दिन द्वितीर्थी स्नान दर्शन
यात्रा करें वैसाख कृष्ण द्वितीया
तिथि के दिन लक्ष्मी कुण्ड स्थित
सीता देवी जी की पञ्चक्रोशी
दर्शन, पूजन एवं पाप - दरिद्रता,
संकटनाशक वार्षिक यात्रा
सीता देवी सबको प्रेरणा करके
नगर भगाने दो सो यात्रीयों को
साथ में लेकर पञ्चक्रोशी यात्रा
जाती है। प्रेरणा करके यात्रा
कराने वाले को ~~प्यार~~ दशांश ~~प्राप्त~~
फल प्राप्त होता है।

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

बैसाख कृष्ण पक्ष प्रति पदा तीथि के दिन से बैसाख भर त्रिलोचन घाट में और पिल पिला तीर्थ में स्नान करके त्रिलोचनेश्वर का दर्शन, पूजन वार्षिक यात्रा को बैशाख भर जहाँ कहीं भी रहे वहीं पर स्नान, दान व्रत, यज्ञ, जप तथा पूजा पाठ आदि अनुष्ठान यह सब साधन जन्म जन्मान्तर के पाप को नाश करने वाला और अपना कल्याण करने वाला है।

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

त्रिलोचनेश्वराय नमः [मन्दिर नम्बर ए० 2/80 मे है मुहल्ला त्रिलोचन घाट] वैशाख कृष्ण तृतीया तिथि दिन प्रातः एकादश महारुद्र शिव दर्शन, पूजन वार्षिक यात्रा करें वैसाख कृष्ण तृतीया तिथि के दिन त्रितीर्थी स्नान, दर्शन वार्षिक यात्रा करे।

काश्यां तीर्थत्रयी श्रेष्ठा नित्यं सेव्या प्रयत्नतः।
आदौ स्नात्वा प्रयागे तु पञ्चगङ्गा ततः परम्॥
ततः पुष्करतीर्थे स्नात्वा मुच्येत बन्धनात्।
[लिङ्गपुराणे]

**अर्थ-** काशी में श्रेष्ठ तीन तीर्थ हैं जिनकी सेवा प्रयास पूर्वक करनी चाहिए। प्रथम प्रयागघाट में स्नान तदनन्तर पंचगंगा में स्नान बाद में पुष्कर तीर्थ में स्नान करके व्यक्ति सभी बन्धनों से मुक्त हो जाता है।

# ॥ काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

~~वैसाख कृष्ण चतुर्थी तिथि के दिन छब्बिस~~ छब्बिस
~~गणेश~~ दर्शन - पूजन वार्षिक यात्रा।
करें।

वैसाख कृष्ण चतुर्थी तिथि के दिन
प्रातः चतुर्थी स्नान-दर्शन
वार्षिक यात्रा करें।

"प्रण्ये पिलपिलानाम्नी त्रिसरित्परि-
सेविते $\frac{८६}{२}$
स्नात्वा गृह्योक्त विधिनात तर्पणीयान्प्रत-
र्प्यंच $\frac{५८}{१}$
ततः पञ्चनदे स्नात्वा । मणिकर्णिहृदे ततः।
ततो ज्ञानोदवाप्यान्तु स्नात्वा विश्वेश-
मर्चयेत् ।
प्रायश्चित्तमिदं प्रोक्तं महापाप विशोधनम्
[काशी खण्ड अध्याय ६५ ॥ श्लोक ५५ ]

पिलपिला नामके तीन नदियों का सेवन करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। गृह्योक्त विधि से स्नान करके तर्पणीय लोगों का तर्पण करें।

बाद में पंचगंगा में स्नान करके मणिकर्णिका कुण्ड में स्नान करें फिर ज्ञानवापी स्रोत में स्नान करके विश्वनाथ की पूजा करें तो सभी पापों की शुद्धि के लिए यही प्रायश्चित कहा गया है।

काशीवार्षिक यात्रामें ४ चौथा
कार्य प्रारम्भ।

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा।

वैसाख कृष्ण पञ्चमी तिथि के दिन प्रातः पञ्चगंगा में स्नान, दर्शन वार्षिक यात्रा करें।

प्रथमञ्चासिसम्भेदं तीर्थानाम प्रवरम्परम् ।
ततो दशाश्वमेधाख्यं सर्वतीर्थ निषेवितम् ।।१०८

ततः पादोदकं तीर्थमादिकेशव सन्निधौ ।
ततः पञ्चनदम्प्राप्यं स्नानमात्राद् घौघ-
हृत ।।१०९ ।।

एतेषामपि तीर्थानां चतुर्णामपि सत्तम ! ।
पञ्चमं मणिकर्णाख्यं मनोवचवशुद्धिदम ॥
।। ११० ।।

पञ्चतीर्थ्यां नरः स्नात्वा न देहम्पाञ्च भौतिकम् ।
गृह्णाति जातुचीत्काश्यां पंचास्योवाऽथ
जायते ।। ११४ ।।

**अर्थ -** सभी तीर्थों में असि संगम श्रेष्ठ है तदनन्तर सभी तीर्थों से सेवित दशाश्वमेध है। बाद में आदिकेशव के समीप पादोदक तीर्थ है। इन सभी चारों तीर्थों के बाद मन और तदन्तर इन्द्रियों को शुद्ध करने के लिए पञ्चम मणिकर्णिका नामक तीर्थ है।

## काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

वैसाख कृष्ण षष्ठि तिथि के दिन प्रातः काशी में षट्तीर्थी स्नान दर्शन वार्षिक यात्रा करें।

पादोदकासिसम्भेदज्ञानोदमणिकर्णिकाः।
षडङ्गोऽयं महायोगो ब्रह्मधर्महृदावपि॥६४॥

षडङ्गसेवनादस्माद्वाराणस्यां नरोत्तम।
न जातु जायते जन्तुर्जननीजठरे पुनः॥६५॥

**अर्थ** — पादोदक, असीसङ्गम, ज्ञानवापी, मणिकर्णिका, ब्रह्मसरोवर तथा धर्मसरोवर ये छहों षडङ्ग योग हैं। हे नरोत्तम! इस वाराणसी में षडङ्गों के सेवन से मनुष्य पुनः मातृगर्भ में नहीं आता।

वैसाख कृष्ण सप्तमी तिथि के दिन प्रातः सप्ततीर्थी स्नान-दर्शन वार्षिक यात्रा

यह सप्त तीर्थी यात्रा शिवरहस्य के आज्ञानुसार रखा गया है। सप्त तीर्थी यात्रा उत्तर में रहने वाले यात्री वरुणा संगम से प्रारम्भ करें। दक्षिण में रहने वाले यात्री

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

असी संगम से प्रारम्भ करें। बैसाख कृष्णा अष्टमी तिथि के दिन प्रातः पञ्चमुद्रा देवी दर्शन, पूजन ~~का~~ बार्षिक यात्रा। यह ~~[struck]~~ पञ्चमुद्रा देवी नन्दी उप-पुराण के आज्ञानुसार है। ~~काशी~~ स्कन्द पुराण में भी इसी प्रकार बर्णन आया है पञ्चमुद्रा देव्यै नमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर के० 24/34 में है मु० मंगला गौरी]
मंगला गौरी के सामने ~~प~~ पञ्चमुद्रा देवी पश्चिमाभिमुख है। बैसाख कृष्णा अष्टमी तिथि के दिन काशी में दश-महाविद्या दर्शन, पूजन बार्षिक यात्रा करें।
बैसाख कृष्णा दशमी तिथि के दिन दशहरेश्वर, दर्शन, पूजन बार्षिक यात्रा करें।
(दशाश्वमेध घाट सीतला देवी जी के मन्दिर में है।)

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

बैसाख कृष्ण त्रियोदशी तीथि के दिन अष्ट बसु अष्ट महा शिव लिङ्ग दर्शन, पूजन बार्षिक यात्रा करें। बैसाख कृष्ण चतुर्दशी तीथि के दिन त्रिलोचनेश्वर एवं निस्कुम्भेश्वर दर्शन यात्रा करें। बैसाख कृष्ण बार्षिक चतुर्दसी तीथी के दिन त्रिसंध्येश्वर दर्शन, पूजन बार्षिक यात्रा करें। त्रिसन्ध्येश्वरायनमः [मन्दिर ~~मकान~~, नम्बर डी० १/४० में है मुहल्ला ललिता घाट] बैसाख कृष्ण त्रियोंदशी तीथि के दिन अगस्तीश्वर दर्शन पूजन बार्षिक यात्रा करें। अगस्तीश्वरायनमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर डी० ३६/११ मुहल्ला ~~[illegible]~~ अगस्तकुण्डा] वैसाख ~~कृष्ण त्रियों~~ ~~[illegible] तीथि के दिन~~

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

कृष्ण चतुर्दशी तिथि के दिन आशा बार्षिक दर्शन यात्रा करें। बैसाख कृष्ण अमावस्या तिथि के दिन प्रातः यथा शक्ति - जूता - छाता - पंखा तथा अन्न, बस्त्र, द्रव्य और जल आदि दान करके एक से ब्राह्मण, संन्यासी साधु, महात्मा को भोजन कराना चाहिये।

बैसाख शुक्ल द्वितीया के दिन जागेश्वर दर्शन बार्षिक यात्रा करें। जागेश्वराय नमः मन्दिर भम्भर — मु. नरहरि पुरा

(नोट जो नर नारि सत-पात्रों को अन्न बस्त्र, द्रव्य आदि दान देते है, उनके पुत्र पौत्र प्रपौत्रों को अनन्त-गुणा होकर प्राप्त होता है। जो आज धनी और सुखी दिखने में आते है, उनों ने पूर्व जन्म में सत्कर्म, यज्ञ, दान तपस्या एवं स्वधर्म का पालन किया है।]

काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

बैसाख शुक्ल अक्षयतृतीयातीथि के दिन मनुष्य जो भी सुभ कर्म करता है वह अक्षय होजाता है। और साथही आयु, धन एवं परिवार की वृद्धि होती है। बैसाख अक्षय तृतीया तिथि के दिन त्रिलोचन घाट में स्नान करने के पश्चात पिलपिलातीर्थ में स्नान करके त्रिलोचनेश्वर का दर्शन, पूजन कर वार्षिक यात्रा करें।

त्रिलोचनेश्वराय नमः [मन्दिर ~~मकान~~ नम्बर मु० त्रिलोचनघाट]

# काशी की वार्षिक दर्शन यात्रा

शुक्लराधातृतीयायां स्नात्वा पैङ्गिपिङ्गिह्रदे ।
उपोषणपरा भक्त्याऽरात्रौजागरणान्विता ॥१८

चैत्रे पिङ्गिपिङ्गातीर्थे स्नात्वोत्तरवहाम्भसि

सरित्त्रयं महापुण्यं यत्र साक्षाद्धूर्जटिः सदा ।
॥१९॥

तत्स्यात्त्रिविष्टपे दृष्टे काश्यां मन्ये ततोधिकम्

दृष्ट्वा त्रिविष्टपं लिङ्गं ~~कल्पाक~~ कोटितीर्थ फलं लभेत् ।

यदन्यत्रार्जितं पापं तत्काशी दर्शनाद् व्रजेत् ॥२१॥

[काशीखण्ड अध्याय ८५]

अर्थ — शुक्ल पक्ष के वैशाख तृतीया तिथि में पिङ्गलपिङ्गल सरोवर में स्नान करके भक्तिपूर्वक रात्रि में जागरण और उपवास करें।

जो पिङ्गलपिङ्गल तीर्थ में उत्तर वाहिनी गंगाजल में स्नान करके प्राणी तीनों नदियों के पुण्य को प्राप्त करता है जहां साक्षात् शिव निवास करते हैं।

